**CBSE Class–3 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 4. मन करता है**

**तुम्हारी बात**

**प्रश्न 1. तुम पर कौन-कौन धौंस जमाता है? क्यों?**

**उत्तर-** घर में माता-पिता और बड़े भाई-बहन धौंस जमाते हैं| माता-पिता शरारत करने या जिद करने पर और स्कूल न जाने पर धौंस जमाते हैं| बड़े भाई-बहन अपने बड़े होने की धौंस जमाते हैं| स्कूल में मॉनिटर तथा मैडम धौंस जमाते हैं| मॉनिटर हमेशा मैडल से शिकायत करने की धौंस जमाता है| मैडम शरारत करने पर धौंस जमाती हैं|

**प्रश्न 2. मन करता है चिड़िया बनकर**
**चीं-चीं, चूँ-चूँ शोर मचाऊँ**
**तुम्हारा मन कब-कब चिड़िया बन जाने को करता है?**

**उत्तर-** मेरा मन तब-तब चिड़िया बन जाने को करता है जब-जब मैं चिड़िया को प्रसन्नता से चीं-चीं, चूँ-चूँ करके शोर मचाते हुए देखती हूँ| मैं जब चिड़िया को घर के आँगन में दाना खाते देखती हूँ तब मेरा मन चिड़िया बन जाने को करता है|

**प्रश्न 3. कौन किस पर अकड़ जमाता होगा?**

***आसमान**

**उत्तर-** आसमान में बाज पक्षियों पर अकड़ जमाता होगा|

***जंगल**

**उत्तर-** जंगल में शेर बाकी जानवरों पर अकड़ जमाता होगा|

***नदी**

**उत्तर-** नदी में मगरमच्छ मछलियों पर अकड़ जमाता होगा|

***खेल**

**उत्तर-** खेल में बड़े लड़के छोटों पर अकड़ जमाता होंगे|

***रंगों में**


**उत्तर-** रंगों में काला रंग बाकी सभी रंगों पर अकड़ जमाता होगा|

**मूँछ**

**प्रश्न- तुमने तरह-तरह की मूँछे देखी होंगी|**
**वहाँ तुम्हारे लिए एक मूँछ बनी है| कुछ मूँछे तुम भी बनाओ और सभी मूँछों को अपने मन से नाम दो|**



राजपूती मूँछें



चीनी मूँछें



तलवार कट मूँछें

**पता कतो**

**प्रश्न- तुम्हारे घर और स्कूल में किसका क्या करने का मन करता है? लिखो और अपनी सूची अपने साथियों से मिलाकर देखो|**

**उत्तर-**


| **नाम** | **मन करता है** |
|---|---|
| अक्षित<br>पारुल<br>अभिषेक<br>शोर्य | कार चलाने को<br>हवाई जहाज में बैठने को<br>खेलते रहने को<br>अधिक देर तक सोने |

**चलो, पतंग बनाएँ**

**समान** - तुम्हे चाहिए कोई पतला कागज़, झाडू की तीलियाँ, गोंद, टेप, कैची|

**तरीका** - * कागज़ को चकोर काटो|

- * उसमें गोंड या टेप से दो तीलियाँ चिपका लो, जैसा चित्र में दिखाया गया है|
- * तीली के निचले हिस्से में पूँछ के लिए एक तिकोना टुकड़ा काटकर चिपका दो|
- * पतंग तैयार|



**पहेली**

कागज़ का घोड़ा, धागे की लगाम

छोड़ दो धागा, तो करे सलाम| **<u>पतंग</u>**

**सोचो और बताओ**

**प्रश्न 1. सूरज आसमान में दौड़ क्यों लगाता होगा?**

**उत्तर -** सूरज आसमान में सारे संसार को प्रकाश देने के लिए दौड़ लगाता होगा|

**प्रश्न 2 . चिड़िया ँ शोर क्यों मचाती होंगी?**

**उत्तर-** चिड़ियाँ प्रसन्नता से भर कर शोर मचाती होगी|

**प्रश्न 3. चंदा तारों पर क्यों अक ड़ता होगा?**

**उत्तर -** चंदा का प्रकाश अन्य तारों से अधिक होता है, इसलिए वह तारों पर अकड़ता होगा|

**प्रश्न 4. दादा घर में कैसे धौंस जमा ते होंगे?**

**उत्तर -** दादा घर में टोका-टाकी करके धौंस जमाते होंगे|

**शोर**

**प्रश्न- एक मिनट के लिए आँखें बंद करके बिल्कुल चुपचाप बैठ जाओ | ध्यान से आस - पास की आवा जें सुनो|**

*** अब आ ँ खे खोलो | क्या याद है , तुमने किस-किस की आवाज सुनी थी ? नीचे उनके नाम लिखो|**

**उत्तर-** बस, साइकिल, खेलते बच्चों की, घंटी की, हवाई जहाज की|

***इनमे से कौन-कौन बहुत शोर मचा रहे थे|**

**उत्तर -** हवाईजहाज, बस, खेलते बच्चे, घंटी|